प्रेषक

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

प्राचार्य,
1. राज्य में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालय
2. राज्य में स्थित सभी अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय।

यादि क्रमांक–DHE-010009/25/2021-Coordination-DHE
दिनांक, पंचकूला 27-07-2022

विषय :– 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम बारे।

******

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

मुझे निर्देश हुआ है कि अतिरिक्त निदेशक (क्षेत्र)–कम–नोडल अधिकारी, कार्यालय महानिदेशक, सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा से प्राप्त पत्र क्रमांक सू.ज.स.भ.वि.ह (क्षेत्र)–2022/4724 दिनांक 26.07.2022 की एक प्रति आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाये तथा आपसे अनुरोध किया जाये कि मामले में माननीय मुख्यमंत्री के निदेशानुसार कार्यवाही की जाएं तथा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट सम्बंधित जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी तथा सम्बंधित ईमेल आई डी पर भेजी जाये।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

अधीक्षक तालमेल
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

पृष्ठांकन क्रमांक : सम दिनांक

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू भेजी जाती हैः–

1. अतिरिक्त निदेशक (क्षेत्र)–कम–नोडल अधिकारी, कार्यालय महानिदेशक, सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ को उनके पत्र क्रमांक सू.ज.स.भ.वि.ह (क्षेत्र)–2022/4724 दिनांक 26.07.2022 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. इन्चार्ज आई0टी0सैल को भेजकर अनुरोध है कि उक्त पत्र को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की वेबसाइट पर तुरन्त अपलोड करें।

अधीक्षक तालमेल
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सेवा में

अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
उच्चतर शिक्षा विभाग,
हरियाणा।

कमांक सू.ज.स.भ.वि.ह.(क्षेत्र)–2022/ 4724
दिनांक चण्डीगढ 26/7/2022

विषयः– 'हर घर तिरंगा' कार्यकम बारे।

महोदय,

उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार आपसे सविनय अनुरोध है कि माननीय मुख्यमन्त्री महोदय द्वारा दिनांक 21.07.2022 को आयोजित वीडियो कान्फ्रैन्स में निम्नलिखित सुझाव/निर्देश दिए गए हैं:–

1. 'हर घर तिरंगा' कार्यकम का आयोजन सभी सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में करवाया जाए। इसके लिए अलग–अलग प्रतियोगिताएं/कार्यकम जैसे रंगोली प्रतियोगता, चित्रकारी प्रतियोगिता, तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, साईकिल यात्रा, गीत, भजन, नाटक, स्किट इत्यादि करवाए जाएं।
2. आजादी की लड़ाई के दौरान बहुत सारे साहित्य पर उस दौर में प्रतिबन्ध लगाया गया था। ऐसा साहित्य अगर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के पास है तो उसे बाहर लाया जाए। उसे अंश मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित करवाए जाएं। ऐसे कुछ कविताएँ मिलती है तो उन्हें अवश्य प्रकाशित करवाया जाए। उनका उच्चारण भी करवाया जा सकता है।
3. सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा लगाए ।
4. एक अगस्त से उपरोक्त कार्यकम आरम्भ करवाए जाए और इन कार्यक्रमों की जानकारी फोटो व राईटअप सहित सम्बन्धित जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी एवं akamhry@gmail.com पर भिजवाई जाएं।
5. माननीय मुख्यमन्त्री महोदय ने यह भी चाहा है कि 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर विद्यार्थी की ड्रैस पर Pin Flag, Paper Flag या Sticker Flag लगाने के लिए प्रेरित किया जाए।

यह आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

अतिरिक्त निदेशक(क्षेत्र)–कम–नोडल अधिकारी (AKAM)
कृतेः महानिदेशक, सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग,
हरियाणा ।

कमांक सू.ज.स.भ.वि.ह.(क्षेत्र)–2022/ 4725
दिनांक चण्डीगढ 26/7/2022

इसकी एक प्रति अतिरिक्त प्रधान सचिव, मुख्यमन्त्री एवं महानिदेशक, सूचना, जन सम्पर्क एंव भाषा विभाग, हरियाणा को प्रेषित है ।

अतिरिक्त निदेशक(क्षेत्र)–कम–नोडल अधिकारी (AKAM)
कृतेः महानिदेशक, सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग,
हरियाणा ।